भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †4029**

उत्तर देने की तारीख- 19/12/2024

**जनजातीय होमस्टे का निर्माण**

†4029. श्री राजू बिष्ट:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार से प्रत्येक राज्य में जनजातीय होमस्टे के निर्माण के लिए धनराशि प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या के आंकड़े क्या हैं और साथ ही अब तक कितने होमस्टे का निर्माण और उपयोग किया गया है;

(ख) प्रत्येक राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में संचालित मोबाइल चिकित्सा इकाइयों की संख्या के आंकड़े क्या हैं और साथ ही जांच किए गए तथा लाभार्थी जनजातीय लोगों की संख्या कितनी है;

(ग) इस अभियान के तहत निर्मित नए जनजातीय छात्रावासों की संख्या के आंकड़े क्या हैं और साथ ही ऐसे छात्रावासों में नामांकित छात्रों की संख्या और नामांकित छात्रों में अनुसूचित जनजाति के छात्रों का प्रतिशत कितना है; और

(घ) सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में पीएमजेयूजीए के अंतर्गत प्रत्येक राज्य विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क):** 2 अक्टूबर, 2024 को शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित स्वदेश दर्शन योजना के तहत 1000 जनजातीय गृह प्रवास (होमस्टे) स्थापित करने के लिए जनजातीय पर्यटन परियोजना को मंजूरी दी गई है। अभियान के अंतर्गत वास्तविक कवरेज, अनुमोदित मानदंडों के अनुसार संबंधित उपायों के विशिष्ट दिशा-निर्देशों की पात्रता मानदंडों और निर्धारित दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं के अनुसार संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने के अधीन है।

इसके आगे जनजातीय कार्य मंत्रालय ने विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों के प्रस्तावों के आधार पर जनजातीय गृह प्रवास (होमस्टे) से संबंधित परियोजनाओं को मंजूरी दी है। कुछ परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:-

| राज्य | वर्ष | गतिविधि | पीएसी द्वारा अनुमोदित राशि (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 2018-19 | इको-टूरिज्म-होम स्टे मालिकों के लिए आतिथ्य प्रबंधन और हाउसकीपिंग पर प्रशिक्षण और 10 इकाइयों के लिए पर्यटन के लिए बुनियादी ढांचे का विकास @ 2 लाख रुपये प्रति इकाई - स्थान - टोटो अलीपुरद्वार | 20.00 |
| पश्चिम बंगाल | 2019-20 | इको-टूरिज्म - होम स्टे @ रु. 3.00 लाख प्रति यूनिट - 5 यूनिट | 15.00 |
| सिक्किम | 2020-21 | पूर्वी सिक्किम के सिमिक खामडोंग में पर्यटन के विकास के लिए लेप्चा जनजाति का होमस्टे इकाई: 10 | 200.00 |
| मध्य प्रदेश | 2022-23 | ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर जनजातीय परिवारों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करना | 2302.35 |
| केरल | 2023-24 | इडुक्की और वायनाड़ में नृजातीय पर्यटन गांव | 368.00 |
| महाराष्ट्र | 2024-25 | शबरी आदि-पर्यटन योजना (शबरी जनजातीय पर्यटन कार्यक्रम) | 1375.00 |

परियोजना का क्रियान्वयन (निस्पादन) और लाभार्थियों की पहचान का दायित्व भी राज्य सरकार का है। डेटा का रखरखाव केंद्रीय स्तर पर नहीं किया जाता।

**(ख):** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 616 एमएमयू को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुलग्नक-I** के अनुसार है, जो लगभग 27 लाख लोगों की पहुंच के साथ काम कर रहे हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 36 एमएमयू को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुलग्नक-II** के अनुसार है।

**(ग):** प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 194 छात्रावासों को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 304 छात्रावासों को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

**(घ):** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सहित राज्य सरकारों/जिला प्रशासनों से आईईसी शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया है, जिसका उद्देश्य अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करना और आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता आदि जैसे बुनियादी दस्तावेजों को तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है, जो विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं।

**अनुलग्नक-I**

**"जनजातीय होमस्टे का निर्माण" के संबंध में श्री राजू बिष्ट द्वारा दिनांक 19.12.2024 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या †4029 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पीएम जनमन के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वीकृत एमएमयू का राज्य-वार विवरण

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **स्वीकृत एमएमयू** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 119 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 58 |
| 3 | गुजरात | 17 |
| 4 | झारखंड | 22 |
| 5 | कर्नाटक | 5 |
| 6 | केरल | 22 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 74 |
| 8 | महाराष्ट्र | 78 |
| 9 | ओडिशा | 50 |
| 10 | राजस्थान | 6 |
| 11 | तमिलनाडु | 105 |
| 12 | तेलंगाना | 14 |
| 13 | त्रिपुरा | 6 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | 2 |
| 15 | उत्तराखंड | 24 |
| 16 | पश्चिम बंगाल | 14 |
| **कुल योग** | | **616** |

**अनुलग्नक-II**

**"जनजातीय होमस्टे का निर्माण" के संबंध में श्री राजू बिष्ट द्वारा दिनांक 19.12.2024 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या †4029 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वीकृत एमएमयू का राज्य-वार विवरण

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एमएमयू** |
|---|---|---|
| 1 | असम | 2 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 3 |
| 3 | जम्मू एवं कश्मीर | 1 |
| 4 | झारखंड | 13 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 3 |
| 6 | ओडिशा | 7 |
| 7 | तेलंगाना | 7 |
| **कुल** | | **36** |

**अनुलग्नक-III**

**"जनजातीय होमस्टे का निर्माण" के संबंध में श्री राजू बिष्ट द्वारा दिनांक 19.12.2024 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या †4029 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

पीएम जनमन के तहत शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा स्वीकृत छात्रावासों का राज्य-वार विवरण

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत छात्रावास |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 31 |
| 3 | गुजरात | 5 |
| 4 | झारखंड | 10 |
| 5 | कर्नाटक | 1 |
| 6 | केरल | 4 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 51 |
| 8 | महाराष्ट्र | 13 |
| 9 | ओडिशा | 30 |
| 10 | राजस्थान | 4 |
| 11 | तमिलनाडु | 8 |
| 12 | तेलंगाना | 8 |
| 13 | त्रिपुरा | 14 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | 2 |
| 15 | उत्तराखंड | 3 |
| 16 | मणिपुर | 2 |
| **कुल** | | **194** |

**अनुलग्नक -IV**

**"जनजातीय होमस्टे का निर्माण" के संबंध में श्री राजू बिष्ट द्वारा दिनांक 19.12.2024 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या †4029 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा स्वीकृत छात्रावासों का राज्य-वार विवरण

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत छात्रावास |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 14 |
| 2 | असम | 87 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 30 |
| 4 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 5 | कर्नाटक | 4 |
| 6 | केरल | 2 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 100 |
| 8 | मणिपुर | 16 |
| 9 | मिजोरम | 2 |
| 10 | राजस्थान | 30 |
| 11 | सिक्किम | 1 |
| 12 | तेलंगाना | 4 |
| 13 | त्रिपुरा | 7 |
| 14 | उत्तराखंड | 2 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 3 |
| **कुल** | | **304** |

*****